डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की दिनांक 20.02.2019 को पूर्वान्ह् 10.00 बजे सम्पन्न वित्त समिति की 52वीं बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 विनय कुमार पाठक**<br>कुलपति<br>डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू., लखनऊ। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरजन**<br>विशेष सचिव,<br>(प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उ.प्र. शासन) | सदस्य |
| 3. | **श्री मदन राजा मौर्या**<br>**संयुक्त निदेशक, पेंशन**<br>**(प्रतिनिधि प्रमुख सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त)**<br>**कार्यालय अपर निदेशक पेंशन लखनऊ।** | सदस्य |
| 4. | **डा0एस0पी0 पाण्डेय**<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनिरिंग कालेज, आजमगढ़। | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय**<br>निदेशक<br>के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 6. | **प्रो0 कैलाश नारायण,**<br>प्रतिकुलपति,<br>डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू., लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 7. | **श्री नन्द लाल सिंह**<br>कुलसचिव,<br>डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू.,लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 8. | **प्रो.राजीव कुमार**<br>परीक्षा नियंत्रक<br>डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू., लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 9. | **प्रो0 एच.के. पालीवाल,**<br>निदेशक, आई.ई.टी., लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 10. | **प्रो. वन्दना सहगल,**<br>अधिष्ठाता/प्राचार्य<br>फैकल्टी ऑफ आर्कीटेक्चर, ए.के.टी.यू., लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 11. | **प्रो0 बीरेन्द्र पाठक,**<br>निदेशक, उ0प्र0 डिजाइन इंस्टी0, ए.के.टी.यू.,<br>नोयडा। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **डा0 अनुज कुमार शर्मा,**<br>सेण्टर फार एडवांस स्टीज, ए.के.टी.यू., लखनऊ। | विशेष आमंत्री |

13. श्री ब्रजेश कुमार गोस्वामी, विशेष आमंत्री
वित्त एवं लेखाधिकारी,
डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू.,
लखनऊ।

14. श्री जी0पी0 सिंह सदस्य-सचिव
वित्त अधिकारी,
डा.ए.पी.जे.ए.के.टी.यू., लखनऊ।

मद संख्या प्रस्ताव

मद संख्या 19:52:01 दिनांक 18.09.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की 51वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनांक 18.09.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की 51वीं बैठक के कार्यवृत्त की शासन की टिप्पणी बिन्दु 18:51:17 तथा 18:51:47 की पुष्टि की गयी। बिन्दु 18:51:20 पर वास्तुकला संकाय में स्टेशनरी शॉप के लिए शासन की टिप्पणी पर विचार किया गया तथा ए.आई.सी.टी.ई. के नार्मस की आवश्यकता के दृष्टिगत इस आशय के साथ स्वीकृति प्रदान की गई कि स्टेशनरी शॉप का वाणिज्यिक हित में प्रयोग नहीं किया जायेगा तथा इसकी सुनिश्चितता प्राचार्य द्वारा की जायेगी। शेष कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

मद संख्या 19:52:02 दिनांक 18.09.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की 51वीं बैठक के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।

दिनांक 18.09.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की 51वीं बैठक के निर्णयों पर कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई तथा अधोलिखित बिन्दुओं पर समिति द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:

1. मद सं0 18:51:07 में यह निर्देश दिये गये कि नोयडा में सी.ए. को एक्टिविटीज़ आउटसोर्स करते हुये एकाउण्ट मैन्टेन किये जायें।
2. मद संख्या 18:51:14 में पारित प्रस्ताव पर आई.ई.टी., लखनऊ में छात्रों को कैशलेस मेडिकल सुविधा अनुमन्य कराये जाने से संबंधित कोई कार्यवाही न किये जाने के दृष्टिगत समिति द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा कुलसचिव, आई.ई.टी. लखनऊ को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के अन्दर कैशलेस मेडिकल सुविधा पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।
3. मद सं0 18:51:27 में समिति इस तथ्य से अवगत हुई कि कार्यदायी संस्था/टेण्डर के माध्यम से कार्यवाही की जायेगी।
4. मद सं0 18:51:29 में समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि जेम के माध्यम से क्रय प्रक्रिया अपनायी जाये।
5. मद सं0 18:51:45 में समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि कुलसचिव द्वारा इस संबंध में तथ्यगत आख्या प्रस्तुत की जायेगी जिस पर मा0 कुलपति महोदय को कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया।

मद संख्या 19:52:03 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2019—20 के प्रस्तावित आय—व्ययक अनुमान का अनुमोदन।

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2019—20 के प्रस्तावित आय—व्ययक अनुमान का अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:04 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित राज्य प्रवेश परीक्षा का वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय व्ययक अनुमान का अनुमोदन।

डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित राज्य प्रवेश परीक्षा का वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय व्ययक अनुमान का अनुमोदन प्रदान किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि दीन दयाल योजना से संबंधित प्रस्ताव पर एक मानीटरिंग कमेटी गठित की जायेगी जिसके समन्यवयक कुलसचिव, एकेटीयू होंगे।

यहाँ यह अवगत कराना है कि दीन दयाल उपाध्याय योजना 2017–18 में प्रारम्भ की गयी थी अतः रा.प्र.प. के आगामी दो वर्षों की बचतों को शासन को रिपोर्ट करते हुये इस संदर्भ में मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

मद संख्या 19:52:05 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2015–16 के संतुलन पत्र के अवलोकन एवं अनुमोदन से संबंधित प्रस्ताव।

समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2015–16 के संतुलन पत्र के अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय के संस्थानों, घटक संस्थान आई.ई.टी. एवं वास्तुकला संकाय के संतुलन पत्र भी विश्वविद्यालय की वित्त समिति में प्रस्तुत किये जायें तथा सी.ए. की मैनपावर सर्विसेज लेते हुये चारों संस्थानों में सम्यक रूप से लेखांकन एवं बैंक समाधान इत्यादि कार्यों को समुचित रूप से सम्पादित किया जा सके।

मद संख्या 19:52:06 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के द्वारा संचालित राज्य प्रवेश परीक्षा के वित्तीय वर्ष 2013–14 के संतुलन पत्र के अवलोकन एवं अनुमोदन से संबंधित प्रस्ताव।

समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के द्वारा संचालित राज्य प्रवेश परीक्षा के वित्तीय वर्ष 2013–14 के संतुलन पत्र के अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:07 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में सेन्टर फार एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव।

समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया

मद संख्या 19:52:08 डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ का वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय–व्ययक का अनुमोदन

वित्त समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ का वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय–व्ययक के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा निम्न निर्देश निर्गत किये गये।

आई.ई.टी. संस्थान में आवासों में रह रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को उपभोग की गयी बिजली का भुगतान ग्राण्ट इन एड के रूप में प्राप्त की गयी धनराशि तथा संस्थान के व्यय से कदापि न किया जाये। इस संबंध में कुलसचिव आई.ई.टी. व वित्त एवं लेखाधिकारी, आई.ई.टी., लखनऊ को सम्मिलित रूप से समानुपातिक विद्युत भार चार्ज शुल्क का आगणन कर जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पूर्व अवधि में प्रयुक्त विद्युत सहायता का आगणन कर वसूली की जाये तथा एकमाह के अन्दर मीटर लगाने की व्यवस्था करायी जाये। क्षतिग्रस्त विद्युत वायरिंग को भी दुरूस्त कराने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या 19:52:09 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ का सेल्फ फाइनेंस कोर्स का अनुमानित आय–व्ययक संबंधी प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ का सेल्फ फाइनेंस कोर्स का अनुमानित आय–व्ययक संबंधी प्रस्ताव प्रथम दृष्टया अनुमोदित किया गया तथा इस संबंध में निम्न निर्देश दिये गये :

1. वेतन आदि पर व्यय में क्रास सब्सिडी न हो इसका ध्यान रखा जाय।
2. समयानुकूल कोर्स के संचालन/शिफि्ट हेतु निदेशक आईईटी को अधिकृत किया गया।
3. शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुसार 20 प्रतिशत अवसंरचनात्मक विकास पर व्यय की अनुमति के लिए मा0कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद संख्या 19:52:10 डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वास्तुकला संकाय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय–व्ययक का अनुमोदन

वित्त समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वास्तुकला संकाय, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2019–20 के प्रस्तावित आय–व्ययक पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:11 वास्तुकला संकाय डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पं0 दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक भवन का जी.एस.टी. लागू होने के कारण संशोधित आगणन के अनुमोदन का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा वास्तुकला संकाय डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पं0 दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक भवन का जी.एस.टी. लागू होने के कारण संशोधित आगणन के अनुमोदन किया गया। वित्त अधिकारी को कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया।

मद संख्या 19:52:12 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के लिए लीगल रिटेनरशिप पर नियुक्त अधिवक्ता को प्रदत्त शुल्कों में वृद्धि का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के लिए मा0 उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय के लिए लीगल रिटेनरशिप पर नियुक्त अधिवक्ता को प्रदत्त शुल्कों में वृद्धि का प्रस्ताव निम्नवत् अनुमोदित किया गया:

| क्रम संख्या | मद | वर्तमान में देय | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| 1 | Counsel Fees | रु.15,000.00 प्रतिवाद | रु.20,000.00 प्रति वाद। उच्चतम न्यायालय हेतु रु. 30,000.00 |
| 2. | रिटेनरशिप Retainership | – | रु.20,000.00 प्रतिमाह। |
| 3. | लिपिकीय कार्य (Clerkage) | अधिवक्ता शुल्क का 10 प्रतिशत अर्थात रु. 1500.00 | अधिवक्ता शुल्क का 10 प्रतिशत अर्थात 2000.00 प्रतिवाद |
| 4. | अन्य विधिक व्यय के रूप में | रु.1350.00 | रु.3300.000 |

यदि किसी वाद में लिपिकीय व्यय अधिक होता है तो परिस्थितिगत निर्णय के लिए वित्त अधिकारी व मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद संख्या 19:52:13 विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों हेतु 18 शिशिक्षु को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज से रखे जाने पर होने वाले व्ययभार के अनुमोदन के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों हेतु 18 शिशिक्षु को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज से रखे जाने पर होने वाले व्ययभार के अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:14 विश्वविद्यालय में विशिष्ट परियोजनाओं/कार्ययोजनाओं के कार्यों के दृष्टिगत परामर्शियों की नियुक्ति के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ विशिष्ट परियोजनाओं/कार्ययोजनाओं के कार्यों के दृष्टिगत नियत मानदेय पर परामर्शियों की नियुक्ति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मद संख्या 19:52:15 विश्वविद्यालयय के अधिकृत चिकित्सकों का मानदेय रु.20,000.00 से बढ़ाकर रु.25,000.00 किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

मद संख्या 19:52:16 निजी चिकित्सालयों में करायी गयी चिकित्सा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति किये जाने के संबंध में निर्गत शासनादेश दिनांक 16.01.2019 को विश्ववविद्यालय में अंगीकृत किये जाने के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:17 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में सूचना आयोग के कार्य के लिए अधिकृत अधिवक्ता को नगर निगम लखनऊ में देय शुल्क की तुल्यता पर शुल्क देय से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा सूचना आयोग के कार्य के लिए अधिकृत अधिवक्ता को निम्नवत शुल्क देयता पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1. अधिवक्ता फीस रु.1600.00 प्रतिवाद।
2. लिपिकीय कार्य अधिवक्ता शुल्क का 10 प्रतिशत अर्थात रु.160.00 प्रति वाद।
3. अन्य विधिक व्यय रु.700.00 प्रति वाद।

उक्त के अतिरिक्त मा0 सूचना आयोग से पत्रावली/प्रपत्र निकलवाने की आवश्यकता पड़ने पर रु.300.00 प्रतिवाद।

23/2

मद संख्या 19:52:18 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को स्थानीय यात्रा भत्ता की वास्तविक व्यय के आधार पर प्रतिपूर्ति का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा अधिकतम रु.5000.00 प्रति माह से प्रतिबंधित करते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:19 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस्ड स्टडीज, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के अनुमोदन के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:20 राष्ट्रीय पेन्शन प्रणाली को युक्तिसंगत बनया जाना।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:21 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की परीक्षा समिति की 64वीं बैठक में पारित निर्णयानुसार विभिन्न मद जिनमें वित्तीय संव्यवहार निहित है, से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा परीक्षा समिति की 64वीं बैठक में पारित निर्णयों का निम्नवत अनुमोदन किया गया।

(I) छात्रों से पेनाल्टी के रूप में शुल्क चार्ज किये जाने हेतु निम्न प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया है।
1. जिन छात्रों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं में गलत अनुक्रमांक लिखे जाते है उनसे दण्ड के रूप में रु.2000.00 जमा कराये जाने के उपरान्त ही परीक्षाफल घोषित किया जाय।
2. जिन छात्रों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं में बारकोड को विकृत किया जाता है उन छात्रों से दण्ड के रूप में रु.5000.00 जमा कराये जाने के उपरान्त ही परीक्षाफल घोषित किया जाय।

(II) चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु पूर्व में निर्धारित व्यवस्थानुसार रु.5000.00 प्रति विषय शुल्क जमा कराया जाय तथा संबंधित विषय के पूर्णांक में 15 प्रतिशत से अधिक अंकों की बढ़ोत्तरी होती है तो संबंधित छात्र को रु.3000.00 वापस किया जाय।
छात्र द्वारा यदि चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु निर्धारित तिथि के उपरान्त आवेदन किया जाता है तो इस हेतु रु.2000.00 प्रति विषय निर्धारित होने के 06 माह से अधिक अथवा उत्तर पुस्तिकाएं बीड–आउट हो जाने की स्थिति में यदि छात्र एक सत्र पूर्व की उत्तर पुस्तिका के चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु आवेदन करता है तो इस दशा में केस–टू–केस निस्तारित किये जाने हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदन के पश्चात ही निर्धारित शुल्क रु. 15000.00 प्रति विषय देय होगा। उक्त धनराशि किसी भी दशा में वापस देय नहीं होगी।
(स) चैलेन्ज मूल्यांकनकर्त्ताओं को भुगतान के संबंध में।
चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु रु.1000 प्रथम उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन को समाप्त करते हुए सभी चैलेन्ज मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिकाओं को रु.400.00 प्रति उत्तर पुस्तिका की दर से मूल्यांकनकत्ताओं को भुगतान की कार्यवाही की जाय उक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी।
(III) विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में मुख्य परीक्षकों एवं उप मुख्य परीक्षकों को निम्नवत दरों के अनुरूप भुगतान किये जाने का निर्णय लिया है।
1. मुख्य परीक्षाक रु.3000.00 से बढ़ाकर रु.4500.00
2. उप मुख्य परीक्षक रु.1500.00 से बढ़ाकर रु.2500.00

मद संख्या 19:52:22 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:08 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में एम.टेक. पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं (गेट/नॉनगेट) को कंटीजेन्सी दिये जाने के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये यह निश्चित किया गया है सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं (गेट/नॉनगेट) को प्रतिवर्ष प्रति छात्र कन्टीजेन्सी के रूप में रु.5000.00 की प्रतिपूर्ति की जायेगी। साथ ही वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा।

मद संख्या 19:52:23 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:10 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ के संकाय सदस्यों के रिसर्च प्रकाशन हेतु प्रस्तुतीकरण यात्रा व्यय समस्त संकाय सदस्यों (अनुबंधात्मक संकाय सदस्यों को सम्मिलित करते हुए) द्वारा रिसर्च प्रपत्र प्रकाशन की प्रतिपूर्ति पर विचार।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा। तद्नुसार संकाय सदस्यों के रिसर्च प्रकाशन हेतु प्रस्तुतीकरण यात्रा व्यय समस्त संकाय सदस्यों (अनुबंधात्मक संकाय सदस्यों को सम्मिलित करते हुए) द्वारा रिसर्च प्रपत्र प्रकाशन हेतु विविध कार्यों (रजिस्ट्रेशन व्यय, यात्रा व्यय एवं अन्य व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु रु.25,000.00 का अनुमोदन किया गया है।

इसके अतिरिक्त इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्रकरणों का अनुमोदन तीन सदस्यों की एक कमेटी द्वारा किया जायेगा जिसके सदस्य निम्नवत होंगे।
1. संबंधित संस्थान के निदेशक
2. डीन पी.जी.
3. मा0 कुलपति द्वारा नामित प्रतिनिधि।

मद संख्या 19:52:24 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:11 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में एम.टेक. पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को सर्वश्रेष्ठ एम.टेक. सीसिस/**SCI Index Journal Pubication** आवार्ड दिये जाने पर विचार।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा। तद्नुसार एम.टेक. पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को सर्वश्रेष्ठ एम.टेक. सीसिस/**SCI Index Journal Pubication** आवार्ड दिये जाने रु.10,000.00 प्रति छात्र अधिकतम एक प्रकाशन हेतु दिये जाने का अनुमोदन किया गया है।

23/2

मद संख्या 19:52:25 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:12 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एम.टेक. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा। तद्नुसार एम.टेक. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित किये जाने तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को क्रमशः रु.10,000.00, रु.7,500.00 एवं रु.5,000.00 दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:26 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:13 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में अध्ययनरत एम.टेक. एवं पी.एच.डी. छात्रों को **Conference/workshop/short term course/certification courses/ memberships** हेतु प्रतिपूर्ति प्रदान किये जाने पर विचार।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा। तद्नुसार एम.टेक. एवं पी.एच.डी. छात्रों को **Conference/workshop/short term course/certification courses/ memberships** हेतु छात्रों हेतु प्रतिपूर्ति प्रदान किये जाने के संबंध में विद्या परिषद में एम.टेक.के लिए रु.50,000.00 एवं पी.एच.डी. के लिए रु.75,000.00 तथा एम.टेक. एवं पी.एच.डी.स्कालर के लिए रु.1.00 लाख का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

मद संख्या 19:52:27 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:14 में हुई चर्चानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ में संचालित विभिन्न प्रोग्राम के संकाय सदस्यों को **Conference/ workshop/short term course/certification courses/memberships** हेतु प्रतिपूर्ति प्रदान किये जाने पर विचार।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन करते हुये वित्त समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेन्टर फार एडवांस स्टडीज के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0आई0डी0, नोएडा, घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ तथा वास्तुकला संकाय, लखनऊ के लिए भी लागू होगा। तद्नुसार संचालित विभिन्न प्रोग्राम के संकाय सदस्यों को **Conference/ workshop/short term course/certification courses/ memberships** हेतु प्रतिपूर्ति रु.1.50 लाख प्रतिवर्ष प्रदान किये जाने का प्रस्ताव इस संशोधन के साथ अनुमोदित किया गया कि इसमें इंस्टीट्यूशन मेम्बरशीप भी अनुमन्य होगी।

मद संख्या 19:52:28 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:25 में हुई चर्चानुसार आर.डी.सी., थीसिस मूल्यांकन एवं थीसिस मौखिक परीक्षा हेतु पारिश्रमिक बढ़ाये जाने के संबंध में प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन निम्नवत

किया गया आर.डी.सी., थीसिस मूल्यांकन एवं थीसिस मौखिक परीक्षा हेतु पारिश्रमिक बढ़ाये जाने के संबंध में पी.एच.डी. के समस्त बैठकों के लिए रु.5000.00 प्रतिदिन और पी.एच.डी. थीसिस मूल्यांकन के लिए रु.7,500.00 दिये जाने का प्रस्ताव प्रस्ताव पारित किया गया।

मद संख्या 19:52:29 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:31 पर प्रस्तुत विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ स्टडीज एवं इंडस्ट्री कमेटी के संयोजकों एवं सदस्यों का पारिश्रमिक बढ़ाये जाने पर विचार।

वित्त समिति द्वारा विद्या परिषद के उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन किया गया तद्नुसार
विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ स्टडीज एवं इंडस्ट्री कमेटी के संयोजकों एवं सदस्यों का पारिश्रमिक रु.3000.00 से बढ़ाकर रु.5,000.00 किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

मद संख्या 19:52:30 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के टेकिप परियोजना (फेज-3) के अर्न्तगत विश्वविद्यालय, का एक्शन प्लान, प्रोक्योरमेंट प्लान व व्यय की प्रास्थिति रिपोर्ट तथा टेकिप परियोजना (फेज-3) से संबंधित अन्य प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया और अनुमोदन किया गया।

मद संख्या 19:52:31 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के टेकिप परियोजना (फेज-3) के अर्न्तगत पी.एफ.एम.एस. में फण्ड की अनुपलब्धता की दशा में विश्वविद्यालय निधि से भुगतान किये जाने हेतु प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया और शासन के पत्र दिनांक 7.02. 2019 में दिये गये मार्गदर्शन के दृष्टिगत अनुमोदन किया गया।

मद संख्या 19:52:32 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा एफ.डी.पी. पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु प्रस्तुत मूल दावा खो जाने के दृष्टिगत संस्थान द्वारा प्रेषित छायाप्रति देयकों पर भुगतान हेतु नीतिगत निर्णय हेतु डीन, एफ.ई.टी. का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए भुगतान पर सहमति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:33 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध महाविद्यालय ए.बी.ई.एस., गाजियाबाद द्वारा टेक्नीकल लिटरेरी एवं मैनेजमेंट 2015–16 के बिलों का मूल दावा खो जाने के दृष्टिगत संस्थान द्वारा प्रेषित छायाप्रति देयकों पर भुगतान हेतु नीतिगत निर्णय हेतु डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए भुगतान पर सहमति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:34 विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ लीज पर वाहन आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:35 निविदा के माध्यम से क्रय करने वाली सामग्रियो के अनुबन्ध न करने विषयक।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:36 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 23वीं बैठक के मद संख्या 23.04 में पारित निर्णयानुसार नवीन परिसर में अतिरिक्त हरित क्षेत्र एवं पाथवे इत्यादि के विकास कार्यों के सम्बन्ध में पारित प्रस्ताव की कार्योत्तर स्वीकृति।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:37 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 23वीं बैठक के मद संख्या 23.05 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के चतुर्थ तल पर विश्वेश्वरैया सभागार में इको कन्ट्रोल हेतु एकास्टिक्स संबंधी कार्यों हेतु पारित प्रस्ताव की कार्योत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:38 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 23वीं बैठक के मद संख्या 23.06 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन मल्टीपरपरज हाल में स्टेज प्रकाश व्यवस्था एवं फ्लोरिंग के कार्यों की संधोधित डिजाइन की स्वीकृति से संबंधित पारित प्रस्ताव की कार्योत्तर स्वीकृति ।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:39 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 23वीं बैठक के मद संख्या 23.07 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कार्योत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:40 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 23वीं बैठक के मद संख्या 23.08 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के सेन्टर फॉर एडवांस स्टडीज द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव की कार्योत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:41 विश्वविद्यालय में खाता खोलने एवं खाता बन्द करने के लिए वित्त अधिकारी को अधिकृत किये जाने से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:42 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.04 में पारित निर्णयानुसार नवीन परिसर में प्रस्तावित आवासीय भवनों के निर्माण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.04 में

पारित निर्णयानुसार नवीन परिसर में प्रस्तावित आवासीय भवनों के निर्माण हेतु रु.1663.00 लाख के अनुमोदित आगणन का प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:43 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.08 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में प्रशिक्षण एवं सेवा योजन सुविधा केन्द्र के निर्माण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.08 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में प्रशिक्षण एवं सेवा योजन सुविधा केन्द्र के निर्माण हेतु रु.2181.73 लाख के प्रारम्भिग आगणन एवं बजट प्राविधान पर अनुमति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:44 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.09 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, लखनऊ में एक पुरूष एवं महिला छात्रावास का निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.09 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, लखनऊ में एक पुरूष एवं महिला छात्रावास का निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्तुत रु.2284.320 लाख के प्रारिम्भग आगणन पर स्वीकृति प्रदान की गयी ।

मद संख्या 19:52:45 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.10 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में विविध श्रेणी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों से संबंधित प्रस्ताव ।

वित्त समिति द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.10 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में विविध श्रेणी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पर रु.120.00 लाख के प्रारम्भिक आगणन पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद संख्या 19:52:46 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.12 में पारित निर्णयानुसार आई.ई.टी., लखनऊ में प्रस्तावित नवीन निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.12 में पारित निर्णयानुसार आई.ई.टी., लखनऊ में प्रस्तावित नवीन निर्माण कार्यों से संबंधित निम्न प्रस्ताव पर सैधांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रम संख्या | मद का विवरण | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | G+3 भवन के रूप में एक ब्वायज हास्टल का निर्माण | रु2229.39 लाख |
| 2. | संस्थान की बाउन्ड्रवाल की मरम्मत एवं मुख्य द्वारा का सुन्दरीकरण | 407.29 लाख<br>40.86 लाख |
| 3. | विभागीय लैबो का उच्चीकरण | रु181.62 लाख |
| 4. | टाइप IV के आवासों का निर्माण G+8 भवन के रूप में | रु.2694.72 लाख |
| 5. | शोध छात्रों एवं शिक्षकों के लिए पी.जी. हास्टल | रु.382.58 लाख |
| 6. | आवासीय एवं अनावासीय भवन आन्तरिक मार्गों जलापूर्ति व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था का मरम्मत कार्य | रु.600.00 लाख |

उपरोक्त कार्यों की प्रक्रिया निर्धारित करते हेतु एक समिति बनाकर समिति के परीक्षणोपरांत अंतिम निर्णय हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद संख्या 19:52:47 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.14 में पारित निर्णयानुसार वास्तुकला संकाय में प्रस्तावित नवीन निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.12 में पारित निर्णयानुसार वास्तुकला संकाय में प्रस्तावित नवीन निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों से संबंधित निम्न प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्रस्तावित व्यय का अनुमान |
|---|---|---|
| 1. (अ) | टेरेस रिपेयरिंग (पुराना गर्ल्स छात्रावास) | 7.58 |
| (ब) | पुराने भवन में स्थित कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य | 11.86 |
| (स) | विभिन्न आवासों के नवीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य | 134.32 |
| (द) | रेन वाटर हावेस्टिंग का कार्य | 59.49 |
| (य) | अति आवश्यक विद्युत व्यवस्था का सुद्रीढ़ीकरण | 144.50 |
| (र) | नवीन गर्ल्स छात्रावास भवन के द्वितीय एवं तृतीय तल का निर्माण तथा पुराने गर्ल्स छात्रावास भवन के कामनरूम का प्रस्ताव। | 202.11 |
| (ल) | संस्था में टाइप–3 के (जी–3) के 4 आवासों का निर्माण | 128.46 |
| (व) | संस्था के शैक्षिक भवन के नवीनीकरण/अनुरक्षण एवं पुराने भवन के फर्श के नवीनीकरण का कार्य। | 355.31 |
| (श) | संस्था में एक नग अतिरिक्त ट्यूबवेल के निर्माण का प्रस्ताव | 64.90 |
| 2. | पं0दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक भवन के ऊपरी 2 सतहों के लिए फर्नीचर आदि। | 195.00 |
| 3. | पुस्तकालय का विस्तार कराया जाना। | 94.27 |

मद संख्या 19:52:48 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:45 (1) पर प्रस्तुत एवं पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के वास्तुकला संकाय के बी.आर्क एवं एम.आर्क के मेरिटोरियस छात्रों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से पुरस्कार/छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:49 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:45 (2) पर प्रस्तुत एवं पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के वास्तुकला संकाय द्वारा विभिन्न विषयों में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

23/2

मद संख्या 19:52:50 डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्या परिषद की 58वीं बैठक के मद संख्या 58:45 (32) पर प्रस्तुत एवं पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में ई–रिसोर्स कंसोर्टियम के गठन के लिए धन की व्यवस्था करने हेतु विश्वविद्यालय से अंशदान तथा अन्य श्रोतों से धन प्राप्ति के **Funding Structure** के अनुमोदन के संबंध में।

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:51 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.03 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के मुख्यालय आदि भवनों के सम्बन्ध में अतिरिक्त कार्यो से संबंधित प्रस्ताव।

वित्त समिति द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की भवन एवं निर्माण समिति की 24वीं बैठक के मद संख्या 24.03 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के मुख्यालय आदि भवनों के सम्बन्ध में अतिरिक्त कार्यों से संबंधित रु.804.41 लाख के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 19:52:52 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव

(A) यूनिवर्सल हयूमन वैल्यूज की इण्टर नैशनल कांफ्रैंस जो आई.आई.टी. बी0एच0यू0. बनारस में आयोजित होनी है जिसमें विश्वविद्यालय भी आर्गनाइजिंग पार्टनर है इस हेतु रु.1.00 लाख के भुगतान का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

(B) 1. विश्वविद्यालय के दोनों संस्थान तथा घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ व वास्तुकला संकाय, लखनऊ हेतु संविदा पर नियोजित किये जाने वाले पी0एच0डी0 धारक शिक्षकों के नियत वेतनमान रु.50,000.00 से बढ़ाकर रु.70,000.00 प्रति माह किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमति प्रदान की।
2. विश्वविद्यालय के दोनों संस्थान तथा घटक संस्थान आई.ई.टी., लखनऊ व वास्तुकला संकाय, लखनऊ हेतु विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में विशिष्ठ कोर्सों के लिए प्रति पीरिएड वर्तमन में अनुमन्य दर रु.450.00 प्रति पीरिएड के स्थान पर रु.1500.00 प्रति पीरिएड किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

23/2/19

(जी0पी0 सिंह)
सदस्य सचिव/वित्त अधिकारी

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
अध्यक्ष/ कुलपति